दिन– गुरूवार दिनांक– 14/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और फिर अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

———————————————————————

राष्ट्रपति के संबोधन के कारण आकाशवाणी पटना से आज शाम प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में बदलाव किया गया है। शाम सात बजकर तीस मिनट से प्रसारित होने वाले समाचार बुलेटिन का प्रसारण आज शाम छह बजकर पैंतीस मिनट से किया जाएगा। वहीं, जिले की हलचल का प्रसारण शाम छह बजकर बावन मिनट से होगा।

———————————————————————

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में आज के दिन ही भारत के विभाजन की घोषणा की गयी थी। आज के दिन विभाजन के दौरान लोगों को हुई पीड़ा और असहनीय कष्टों को याद किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिन हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेले गए उथल–पुथल और दर्द की याद दिलाता है। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की हमारी स्थायी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है।

———————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय नया भारत है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाया जाएगा। समारोह में शामिल होने के

लिए बिहार समेत देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग पाँच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर कल पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। पटना के गांधी मैदान में आयोजित परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाईड के जवान भाग लेंगे। साथ ही बीस झांकियां निकाली जायेंगी। इधर, स्वतंत्रता दिवस को देखते हुये पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। नेपाल से सटे जिलों की सीमा को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है।

————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार के पन्द्रह पुलिस कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि सात पुलिसकर्मियों को वीरता पदक, दो पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और छह पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बेतिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में सांसद संजय जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। शेखपुरा, गोपालगंज, बेगूसराय, सुपौल और शिवहर समेत अन्य जिलों में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना, वैशाली और मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों से राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने वैशाली की सांसद वीणा सिंह से दो विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम रखने के मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही इसी मामले में सांसद के पति और विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह से भी स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सोलह अगस्त की शाम पांच बजे तक दोनों को अपना जबाव देने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।